## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में एक ही मंडप के नीचे 200 जोड़ों ने रचाई शादी

# भाजपा ने गरीब पिता को सम्मान के साथ जीने का हक दिया: सांसद



### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत हुआ भव्य सामूहिक विवाह समारोह, आदिवासी, वैदिक और बौद्ध रीति से हुए विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

गरीबों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसके माध्यम से भाजपा सरकार ने गरीब पिता को सम्मान के साथ जीने का हक दिया है। इसमें गरीब भी अपनी बेटी का विवाह बाजे गाजे और धूमधाम से सम्मान के साथ कर पा रहा है। उक्त उद्गार समारोह के मुख्य अतिथि सांसद बंटी विवेक साहू ने छिंदवाड़ा मे आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के सामारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होंने नव विवाहित जोडों को शुभकामनाएं दी और उन पर फूल बरसाए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत छिंदवाड़ा नगर निगम द्वारा शुक्रवार को दशहरा मैदान में विशाल सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस अनूठे आयोजन में नगर निगम क्षेत्र, ग्रामीण अंचलों एवं मोहखेड़ क्षेत्र के कुल 200 जोड़ों के विवाह हुये। विशेष बात यह रही कि सभी जोड़ों का विवाह उनकी-अपनी परंपराओं एवं रीति-रिवाजों के



अनुसार एक ही पंडाल में संपन्न कराया गया। समारोह में आदिवासी, वैदिक, बौद्ध एवं अन्य परंपरागत विधि-विधानों से विवाह कराए गए, जिसने सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विविधता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें सुखद दांपत्य जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। मंच से सभी नवदंपत्तियों को उपहार भी वितरित किए गए। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि आर्थिक अभाव के कारण किसी भी बेटी के विवाह में कोई बाधा न आए। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना को वर्तमान मोहन सरकार भी निरंतर आगे बढ़ा रही है, जिससे गरीब परिवारों को सम्मानपूर्वक अपनी बेटियों का विवाह करने में सहायता मिल रही है। नगर निगम महापौर विक्रम सिंह अहके ने अपने संबोधन में कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति इस आयोजन की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय भविष्य की कामना की।

### सांसद सहित अन्य अतिथि बने बाराती



कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे टाउन हॉल में जोड़ों के पंजीकरण के साथ हुई। यहां सभी जोड़ों एवं उनके परिजनों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। इसके बाद पारंपरिक ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों की धुन पर भव्य बारात निकाली गई। जिसमें सांसद बंटी विवेक साहू सहित अन्य अतिथि बाराती के रूप में शामिल हुये। फूलों से सजे वाहन, पारंपरिक परिधानों में सजे दूल्हे और उत्साहित बारातियों ने नगर को उत्सवमय वातावरण में बदल दिया। नगर के विभिन्न मार्गों से निकली बारात का नागरिकों ने जगह-जगह स्वागत किया।

### वर-वधुओं से हवन में डाली आहूर्तियां



यह सामूहिक विवाह समारोह न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सहयोग का माध्यम बना, बल्कि सामाजिक समानता, सांस्कृतिक समरसता और पारंपरिक मूल्यों को सशक्त बनाने वाला प्रेरणादायी आयोजन भी साबित हुआ। दशहरा मैदान में बनाए गए विशाल पंडाल को आकर्षक पुष्प सज्जा से सजाया गया था। गर्मी को देखते हुए प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। पंडाल में कूलर, शीतल जल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी। वहीं विवाह समारोह में शामिल होने वाले हजारों लोगों के लिए भोजन की पर्याप्त व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई।



### विधि-विधानों के बीच सभी 200 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

समारोह के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण, पारंपरिक रस्मों और धार्मिक विधि-विधानों के बीच सभी 200 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। पवित्र अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए गए और नवदंपत्तियों ने नए जीवन की शुरुआत की। विभिन्न समुदायों और परंपराओं के लोग एक साथ एक ही पंडाल के नीचे विवाह संस्कार में शामिल हुए, जिसने सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया। नगर पालिक निगम द्वारा सभी नवविवाहित जोड़ों के उज्ज्वल भविष्य और सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की गई।



### समारोह में यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

समारोह में मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीला बाजोलिया, रमाकांत पटेल, नवीन बारसकर, सौरभ ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे, संजय सक्सेना, प्रदीप रघुवंशी, श्रीमती प्रवीण जागेंद्र अल्डक (स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन), श्रीमती नमिता मनोज सक्सेना (लोक निर्माण एवं उद्यान विभाग), राहुल उईके (योजना एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग), संजीव रंगू यादव (सामान्य प्रशासन विभाग), चंद्रभान देवरे (वित्त एवं लेखा विभाग), प्रमोद शर्मा (विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग), बलराम साहू (राजस्व विभाग), श्रीमती शिल्पा राकेश पहाड़े (शहरी गरीबी



उपशमन विभाग), श्रीमती सुनीता विजय पाटिल (यातायात एवं परिवहन विभाग) तथा श्रीमती अरुणा मनोज कुशवाहा (जलकार्य एवं सीवरेज विभाग), पार्षद शिवानी बंटी सक्सेना सहित एडीएम पुष्पेन्द्र निगम, नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय, एसडीएम सुधीर जैन, कई जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं प्रशासनिक अधिकारी, निगम के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक भी समारोह में शामिल हुए।



---

## गुरू का हमारे जीवन में विशेष स्थान: सांसद

### चांद में आयोजित तारण तरण समाज के महोत्सव में शामिल हुए सांसद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सद्गुरू तारण तरण मंडलाचार्य जी महाराज की समाधि दिवस पर चांद में स्थित मंदिर में विधि पूजन पाठ के साथ ही गुरू महाराज की 511वीं गुरूपर्वी महोत्सव संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि इस महोत्सव में उन्हें शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ इसके लिए मै समिति का आभारी हुं। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में गुरू का विशेष स्थान है। इस दिव्य में आकर मुझे आत्मशक्ति और बल प्राप्त होता है। मुझे हमेशा ही यहा आयोजित होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों में आने का सौभाग्य प्राप्त होता है। उन्होंने तारण तरण समाज को उनकी और से हमेशा ही हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि सद्गुरू तारण तरण मंडलाचार्य जी की 511वीं समाधि दिवस पर गुरूपर्वी महोत्सव का आयोजन चांद में किया गया था। जिसमें छिन्दवाड़ा व सिवनी सहित आस-पास के क्षेत्र से सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में एकत्रित हुए थे। इस अवसर पर तारण-तरण समाज द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू का शॉल श्रीफल भेंट कर हार्दिक अभिनंदन किया गया। इस महोत्सव में पूज्य बसंत जी महाराज, पूज्य श्री आत्मानंद जी महाराज एवं श्री संघ का लोगों को सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक रमेश दुबे, नगर परिषद चांद अध्यक्ष दानसिंग पटेल आदि मौजूद रहे।

## भागवत कथा में श्रीकृष्ण जयकारों से गूंजा परिसर

**छिंदवाड़ा।** श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर कथा व्यास आचार्य अमित शास्त्री द्वारा श्री धाम वृन्दावन की पावन वाणी से श्रीवास्तव कॉलोनी का वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथा में भगवान श्रीकृष्ण के मथुरा गमन, कंस उद्धार तथा अधर्म पर धर्म की विजय का भावपूर्ण वर्णन किया गया। साथ ही रुक्मिणी विवाह उत्सव को समस्त भक्तों ने बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया। भजनों, पुष्पवर्षा और जयकारों के बीच श्रद्धालु भावविभोर होकर भगवान की भक्ति में लीन रहे। कथा स्थल पर धर्म, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।



## गौवंश तस्करी के खिलाफ मोहगांव में जन-जागरण रैली 12 को

**सौंसर।** .क्षेत्र में बढ़ती गौवंश तस्करी और प्रशासन की कथित उदासीनता के खिलाफ अब जनसेवक और गौ-भक्त सड़कों पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं। मोहगांव बैल बाजार के माध्यम से हो रही अवैध गौ-तस्करी को रोकने के उद्देश्य से आगामी 12 मई (मंगलवार) दोपहर 11 बजे से विशाल जन-जागरण रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस आंदोलन की खास बात इसका विरोध करने का अनोखा तरीका है। विधायक विजय चौरे ने बताया कि रैली के समापन पर एक जनसभा आयोजित की जाएगी। इसके बाद समस्त गौ-भक्त मोहगांव थाना पहुँचकर पुलिस प्रशासन की प्रतीकात्मक आरती उतारेंगे। विधायक श्री चौरे के अनुसार, यह आरती प्रशासन की ₹कम होती संवेदनशीलता₹ को जगाने का एक माध्यम है। उन्होंने कहा,₹जब रक्षक ही मौन हो जाएं, तो हम गौमाता की ओर से हाथ जोड़कर पुलिस से निवेदन करेंगे कि कृपया गौवंश को कटने से बचाएं और तस्करी पर पूर्ण विराम लगाना है। सौसर क्षेत्र में गौ माता की रक्षा सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक संख्या में क्षेत्र वासियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उपस्थित होने की अपील की गई है। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान केवल मोहगांव तक सीमित नहीं रहेगा। मई माह में ही ग्राम सवरनी बैल बाजार के विरोध में भी इसी तरह का आयोजन किया जाएगा। उस दौरान गौ-भक्त लोधीखेड़ा थाना पहुँचकर पुलिस कर्मियों की आरती उतारेंगे और गौ-रक्षा का संकल्प दिलाएंगे।

## जन्मोत्सव सप्ताह सेवा कार्यों के साथ मनाया जाएगा गुरुदेव रविशंकर का जन्मोत्सव

**छिंदवाड़ा ।** गुरुदेव के 70 वे जन्मोत्सव पर आयोजित विभिन्न सेवा कार्यक्रम को लेकर आज  सभी साधकों की एक महत्वपूर्ण बैठक  आयोजित गई, जिसमें गुरुदेव के जन्मोत्सव पर होने वाले सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाकर फाइनल शेड्यूल बनाया गयागुरुदेव के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 10 में रविवार को प्रातः 10:00 बजे जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें अधिकतम साधक रक्तदान करेंगे रक्तदान शिविर के लिए श्री संतोष साहू प्रभारी है,  11 मई को गांधीगंज स्थित दीनदयाल रसोई में जाकर निशुल्क भोजन कराया जाएगा, एवं आगामी शिक्षा सत्र प्रारंभ होने पर आदिवासी अंचल के स्कूल में जाकर बच्चों को स्कूल बैग एवं जूते मोजे वितरित किए जाएंगे साथ ही 13 मई को प्रातः 6:30 बजे रघुवंशम लान सिवनी रोड छिंदवाड़ा में महासुदर्शन क्रिया की जाएगी।

### एसपी के मार्गदर्शन में चला विशेष यातायात अभियान, नियम तोड़ने वालों पर सख्ती

## 155 वाहनों पर कार्रवाई, 59 हजार से अधिक समन शुल्क वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शहर में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को यातायात पुलिस द्वारा विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। यह अभियान अजय पांडे के मार्गदर्शन एवं आशीष खरे के निर्देशन में संचालित किया गया।

अभियान का नेतृत्व रामेश्वर चौबे ने किया, जिसमें समस्त यातायात स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर बस, ऑटो, दोपहिया सहित अन्य वाहनों की गहन जांच की गई। पुलिस टीम ने बिना हेलमेट वाहन चलाने, सीट बेल्ट का उपयोग न करने, वाहनों में काली फिल्म लगाए जाने, नंबर प्लेट नियमों के अनुरूप न होने, बीमा दस्तावेज उपलब्ध न होने तथा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने जैसे मामलों पर विशेष निगरानी रखी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विधिसम्मत चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए समझाइश भी दी गई ताकि वे स्वयं की तथा अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

### इन मामलों में हुई प्रमुख कार्रवाई

विशेष अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन संचालन के 87 प्रकरणों में 26,100 रुपये, बिना सीट बेल्ट के 18 प्रकरणों में 9,000 रुपये, काली फिल्म लगे वाहनों के 9 प्रकरणों में 4,500 रुपये तथा नंबर प्लेट सही न होने के 11 प्रकरणों में 5,500 रुपये का समन शुल्क वसूला गया।इसके अतिरिक्त वाहन के दस्तावेज प्रस्तुत न करने के 2 प्रकरणों में 1,000 रुपये, चालक द्वारा बगल में सवारी बैठाने के 9 मामलों में 4,500 रुपये, यातायात संकेतों का उल्लंघन करने के 11 प्रकरणों में 5,500 रुपये तथा वाहन का बीमा न होने के 1 मामले में 3,000 रुपये का समन शुल्क वसूला गया।07 मामलों में न्यायालयीन कार्रवाईअभियान के दौरान गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर 07 प्रकरणों में इस्तगाशा तैयार कर माननीय न्यायालय में कार्रवाई की गई।

## अवैध रेत उत्खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, 3 ट्रैक्टर जप्त

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में खनिज विभाग छिन्दवाड़ा की टीम द्वारा शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए कुलबेहरा नदी भरतादेव इंटेक-वेल के पास के क्षेत्र से 02 ट्रैक्टरों को रेत का अवैध उत्खनन करते हुए जप्त किया गया। दोनों वाहनों को आगामी कार्रवाई के लिये थाना कोतवाली की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया। इसी प्रकार कुलबेहरा नदी खैरवाड़ा क्षेत्र से एक ट्रैक्टर को अवैध रेत गतिविधि में लिप्त पाए जाने पर जप्त कर थाना कोतवाली की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग द्वारा बताया गया कि उक्त वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों के अनुसार आगामी कार्रवाई के लिये प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।



## विश्व रेडक्रास दिवस पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों का सासंद ने किया सम्मान

# बिना भेदभाव के सहायता पहुंचना मानवता का परिचय है यही कार्य करती है रेडक्रासः सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

विश्व रेडक्रास दिवस पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा छिंदवाडा द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा भावी कार्य करने वाले समाजसेवियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम जिला पंचायत सभा कक्ष में शहर के गणमान्य जनों की उपस्थिति में किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक बन्टी साहू द्वारा रेडक्रास सोसायटी के जनक सर हेनरी ड्यूनाट की फोटो पर माल्योपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत वन्देमातरम गीत का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला महामंत्री विजय पाण्डे ने की विशेष अतिथि के रूप में महापौर विक्रम आहके, डॉक्टर कृष्णा हारजानी अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत एवं बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे। अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सासंद श्री विवेक बंटी साहू ने कहा कि आज समाज में अनेक क्षेत्रों में सेवा भावी कार्य करने वाले समाजसेवियों को विश्व रेडक्रास दिवस पर सम्मानित किया जा रहा सराहनीय कार्य है।

उन्होंने कहा कि बिना भेदभाव के सहायता पहुंचना मानवता का परिचय है और यह पुनीत कार्य रेडक्रास सोसायटी कर रही है।

श्री साहू ने रेडक्रॉस के कार्यों की सराहना करते हुए इसके सेवा कार्यों को समाज की जरूरत बताया एवं हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री विजय पाण्डे जी ने कहा कि सेवा कार्यों के माध्यम से समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम करने की आवश्यकता है ताकि एक जुट समाज देश को प्रगति पथ पर अग्रसर हो कर सके।

इसके साथ ही कार्यक्रम में पधारे शहर के प्रथम नागरिक श्री विक्रम अहके, महापौर नगर निगम, ने समाज सेवकों का सम्मान करने को एक अच्छी पहल बताते हुए कहा कि इससे समाज सेवकों का उत्साहवर्धन होता है एवं नई उर्जा से कार्य करने की प्रेरणा मिलती रहती है।

डॉ० कृष्ण हरजानी, अध्यक्ष पुज्य सिंधी पंचायत, ने रेडकास सोसायटी को सफल कार्यक्रम की बधाई देते हुए नए संकल्प के साथ समाज में प्रामाणिकता के साथ सेवा करने का आव्हान किया ।भारतीय रेडकास सोसायटी के चेयरमैन श्री भानुदास गोखे ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का प्रतिवेदन वाईस चेयरमैन डॉ० हितेश मिश्रा,एवं सचिव श्री निरपत सिंह टेखरे,ने प्रस्तुत किया।कोषाध्यक्ष श्री अंशुल शुक्ला, ने सभी को रेडक्रास का बैच लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में समाज में विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले 15 समाजसेवियों में रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी,वरिष्ठ समाजसेवी सुश्री आराधना शुक्ला,एन एस एस के जिला संगठक रवींद्र नाफ़डे , डॉ० दिनेश ठाकुर, डॉ० मयक साहू, डॉ० विवेक जाधव, संजू उइके, दयानंद चौरसिया, कपिल साहू, अन्नू शर्मा, टीनू मालवीय, सुनील असराठी, मोहन घंगारे, श्रीमति किरण सोनी, श्रीमति योगी श्री राउत आदि मौजूद रहे।

## गरीब भोज परिसर में मनाया गया जन्मदिन



**दमुआ।** लायंस सेवा समिति दमुआ द्वारा 7 मई 2026 दिन गुरुवार को कन्हान प्रेस क्लब दमुआ के पूर्व अध्यक्ष आदरणीय श्री रमेश राही जी का 66 व जन्मदिन बड़े ही हर्षौल्लास के साथ गरीब भोज परिसर कॉलरी ऑफिस के पास दमुआ में गरीब असहाय जरूरतमंद निर्धन लोगों के बीच में अपना जन्मदिन मनाया गया एवं इस अवसर पर गरीबों को स्वल्पाहार एवं वस्त्र वितरण भी किए गए जबकि राही जी के जन्मदिन के अवसर पर सभी शहरी एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में केक काटकर सभी ने राही जी को तिलक लगाकर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की एवं सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये जबकि जन्मदिन समारोह कार्यक्रम में उपस्थित जनों में लायंस सेवा समिति संरक्षक श्री मदन सोनी जी एवं डॉक्टर श्री आर,के विश्वकर्मा जी बृजलाल प्रजापति जी रतनलाल सूर्या जी,दुर्गा सिंह राजपूत जी भानु साहू जी कन्हान प्रेस क्लब के वर्तमान अध्यक्ष मुकेश साहू जी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती किरण खातरकर जी ,उपाध्यक्ष बबुआ कश्यप जी, डॉ राजकुमार राय जी। डॉ सुरेंद्र राय जी सुभाष गुलबाके जी आर एस परिहार सर जी संजय पटेल सर जी प्रमोद श्रीवास्तव सर जी मोनू साहू मोहसिन भाई शिव भाई रामराव झरबडे गुरु दयाल डेहरिया, सूरज भाई जावेद बाबा शानू साहू कमल सोजोनिया स्वर्णिमां शेखर श्रीवास्तव शेफाली शरद श्रीवास्तव जानू साहू एवं समिति सेवादार शंकर अतुलकर कृष्णा बाबू मोती वर्मा पंजाब राव जी विजय उईके जी विक्की नागले गुड्डू भाई मनीषा नितिन साहू एवं विशेष सहयोगी राकेश खातरकर जी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम के अंत में राही जी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मुलताई जाने से पहले सांसद को छिन्दवाड़ा में ही ठहर जाना चाहिएः- कांग्रेस

### किसानों ने खाद मांगी तो लाठियां बरसाई और अपराध भी दर्ज कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

**सांसद को मुलताई जाने से पहले मैं थोड़ी देर के लिए छिन्दवाड़ा में ही रोकना चाहता हूं और यह स्मरण कराना चाहता हूं कि छिन्दवाड़ा के किसान भाई खाद के लिए जारी मारामारी से आज भी मुक्त नहीं हुए हैं। चंद माह पिछले लौटने पर याद आएगा कि खाद मांगने पर किसान भाइयों पर पुलिस से लाठियां बरसाई गई थी।**

इतने पर भी सांसद के कलेज़े को ठण्डक नहीं मिली तो उन्होंने पुलिस थानों में आपराधिक मामले भी दर्ज कराए और पुलिस से धमकियां भी दिलवाई। ऐसा बर्ताव तो वही कर सकता है जिसका अपराधियों से साथ हो या फिर अपराधियों के साथ हो। उक्त उदगार जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे ने सांसद के बयान पर पलटवार करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में किसान खुशहाल और सम्पन्न था, सिर्फ किसान ही नहीं बल्कि समाज का हर वर्ग। किन्तु भाजपा की सरकार में क्या किसान, क्या युवा और क्या ही महिलाएं, मजदूर और व्यापारी सम्पूर्ण वर्ग त्रस्त और त्राहि-त्राहि है। अगर सच का सामना करने की हिम्मत है तो यही बात खुले मंच से किसानों के बीच आकर सांसद को जवाब देना चाहिए कि 2400 रुपए प्रति क्विंटल पर मक्का क्यों नहीं खरीदा? गेहूं को घोषित मूल्य पर क्यों नहीं खरीदा जा रहा है?

यह असली वादाखिलाफी है, शायद सांसद भूल गए तो उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि कोरी घोषणाओं और भाषणों से काम नहीं चलता। प्रतिदिन अखबारों में प्रकाशित हो रहा है कि जिले के उपार्जन केन्द्रों पर किसान भाई किस तरह लुट रहा है, अव्यवस्थाओं का सामना कर रहा। किन्तु दुर्भाग्य देखिए कि भाजपा सरकार की प्रशंसा में कसीदे पढ़े जा रहे। पंद्रह माह की माननीय कमलनाथ जी की सरकार का रिपोर्ट कार्ड मांगने से पहले सांसद को अपनी ही पार्टी के किसान नेताओं का रिपोर्ट कार्ड और बैंक की जानकारी मांगनी चाहिए, क्योंकि किसान ऋण माफी योजना के तहत छिन्दवाड़ा जिले के 74 हजार 780 एवं मप्र की बात करें तो 27 लाख किसान भाइयों का कर्ज माफ हुआ है जिसमें भाजपा के किसान नेता भी शामिल है।

यह आंकड़े मय प्रमाण के कांग्रेस कार्यालय आकर सांसद ले सकते हैं। स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के बारे में सांसद का यह जानना आवश्यक है कि कांग्रेस की सरकार ने 201 सिफारिशों में से 175 का लागू किया था।

## संतोषी बनी कांग्रेस एस.सी. विभाग की जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव गुरूचरण खरे, शहर अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनू मागो, महिला जिला अध्यक्ष सरला सिसोदिया, एस.सी. विभाग जिलाध्यक्ष प्रकाश मेहरोलिया की सहमति से पार्टी में सक्रियता एवं आमजन की लड़ाई लड़ने वाली और महिलाओं को न्याय दिलाने में



हमेशा अग्रसर रहने वाली श्रीमती संतोषी गजभिये को कांग्रेस एस.सी. विभाग की जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति की गई है । इस अवसर पर श्रीमती गजभिये ने अपने उद्बोधन में कहा कि उन्हे जो जबावदारी सौंपी गई, वे पूर्ण निष्ठा ईमानदारी और निष्ठा से पालन करेगी और पार्टी को मजबूत बनाने एवं कमलनाथ जी, नकुलनाथ जी के हाथों को मजबूत करने के लिये कृत संकल्पित है । श्रीमती गजभिये की नियुक्ति पर मयंक गजभिये, अम्बिका युवनाती, साक्षी चैबे, साधना जंघेला, शकुन वर्मा, किरण गजभिये, अपेक्षा बेले, किरण मोहबे, प्रतिमा ब्रम्हे, ममता माहोरे, मालती ककोड़िया, शिव कुमारी, रोशन इंगले, विनीता उइके, सविता डेहरिया, शीला पाटिल ने बधाई दी ।

## शासकीय सेवकों के हितों एवं सेवा, सहयोग और संगठन विस्तार पर 10 मई को, कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर होगा मंथन

**छिंदवाड़ा।** शासकीय सेवक वेलफेयर सोसायटी, छिंदवाड़ा द्वारा संस्था की साधारण सभा बैठक का आयोजन दिनांक रविवार, 10 मई 2026 को सायं 04:00 बजे पुलिस लाईन स्थित इंडियन कॉफी हाउस, छिंदवाड़ा में किया जा रहा है। सोसायटी के सचिव श्री अरविंद भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में वर्ष 2025-26 के आय-व्यय विवरण का प्रस्तुतीकरण एवं अनुमोदन, प्रबंधन कार्यकारिणी के विस्तार संबंधी चर्चा, शासकीय सेवकों के मेधावी कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान कार्यक्रम के आयोजन तथा आगामी सेवा एवं सामाजिक गतिविधियों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में सोसायटी के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगणों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान करने का आग्रह किया गया है। संस्था द्वारा समाजहित एवं शासकीय सेवकों के कल्याण हेतु निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें सभी सदस्यों की सहभागिता महत्वपूर्ण है।

## आज जिला मुख्यालय सहित तहसील न्यायालयों में होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा माननीय श्री सुशांत हुद्दार साहब प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा के कुशल नेतृत्व में दिनांक 09 मई 2026 दिन शनिवार को जिला न्यायालय छिंदवाड़ा सहित तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, तामिया एवं हर्रई में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला एवं तहसील मुख्यालय में कुल 35 खण्डपीठों का गठन किया गया है, जिनके द्वारा न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 एन.आई. एक्ट (चैक बाउंस), मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरण एवं अन्य प्रकार के दीवानी प्रकरणों का आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में धारा 138 एन.आई.एक्ट, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर तथा समस्त प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक एवं दीवानी प्रकरण का भी निराकरण किया जाएगा।

## पंचायत सचिव संगठन की जिला स्तरीय बैठक आज

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

पंचायत सचिव संगठन की जिला स्तरीय बैठक शनिवार 09 मई को दोपहर 12:30 बजे से जनपद पंचायत लालबर्रा के सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक में सेवा काल की गणना नियुक्ति दिनांक से किए जाने संबंधी कोर्ट में दायर याचिका पर प्रदेश स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार चर्चा की जाएगी इसके साथ ही संगठन की अन्य लंबित प्रदेश स्तरीय मांगों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। तत्सम्बन्ध में जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष राजेंद्र बागरे ने सभी सचिव साथियों से समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सभी साथी अधिक से अधिक संख्या में बैठक में शामिल हों तथा अपने अन्य साथियों को भी बैठक की जानकारी दें साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी सचिव साथी पर बैठक में आने के लिए किसी प्रकार का दबाव न बनाया जाए और सभी साथी स्वेच्छा से शामिल हों। इस बैठक को संगठन की आगामी रणनीति एवं सचिवों की लंबित मांगों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। "पंचायत सचिव संगठन जिंदाबाद" के नारों के साथ संगठन के पदाधिकारियों ने सचिव साथियों से एकजुटता बनाए रखने की अपील की है।

## आज वारासिवनी में द्वितीय नेशनल अदालत का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रणेश कुमार प्राण व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में 09 मई 2026 दिन शनिवार को जिला न्यायालय बालाघाट एवं अधीनस्थ तहसील न्यायालय वारासिवनी में वर्ष 2026 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

इस आशय की जानकारी देते हुए विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट एवं तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी अध्यक्ष कविता इनवाती ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरण जैसे आपराधिक शमनीय प्रकरण, चेक बाउंस प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, श्रम प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर, संपत्ति कर संबंधी प्रकरण एवं दीवानी मामले, राजस्व मामले एवं अन्य प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के माध्यम से किया जावेगा।

इस नेशनल लोक अदालत में नगरपालिका, नगर पंचायतों के प्रकरणों में आपसी राजीनामा के आधार पर एकमुश्त राशि पर अधिभार में नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है। इसी प्रकार विद्युत विभाग के प्रकरणों के निराकरण पर भी एकमुश्त भुगतान पर अधिभार की राशि में नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है।

## शादी सिर पर, गहने गायब!... 75 हजार लेने के बाद भी नहीं मिली नथ-बाली, बहेला थाना से निराश युवक पहुंचा एसपी दफ्तर

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जिले के लांजी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिखली में सोने के गहनों को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। गांव के युवक जितेन्द्र दशहरे ने गांव के ही सराफा कारोबारी कोमलप्रसाद सोनी और उसके पिता शिवप्रसाद सोनी पर 75 हजार रुपए लेने के बावजूद गहने नहीं देने तथा धमकाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत बहेला पुलिस को करने के बाद भी कार्यवाही न होने के बाद शुक्रवार 8 मई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर की है।



पीड़ित जितेन्द्र दशहरे ने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि वह खेती-किसानी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। गांव में वर्षों से पहचान होने के कारण उसने कोमलप्रसाद सोनी पर भरोसा कर करीब डेढ़ वर्ष पूर्व 60 हजार रुपए सोने के गहने बनवाने के लिए दिए थे। इसके बाद मार्च 2026 में आरोपी के पिता शिवप्रसाद सोनी को 15 हजार रुपए और दिए गए। कुल मिलाकर 75 हजार रुपए के बदले 10 ग्राम की नथ और कान की बाली बनाकर देने की बात तय हुई थी। पीड़ित का कहना है कि परिवार में 15 मई 2026 को विवाह समारोह होना है और गहनों की तत्काल आवश्यकता है, लेकिन जब उसने गहने मांगे तो आरोपी लगातार बहाने बनाने लगा। आरोप है कि कई बार घर जाने के बाद भी गहने नहीं दिए गए।

आवेदन में युवक ने यह भी आरोप लगाया कि जब उसने दबाव बनाया तो आरोपी पक्ष ने उसे धमकाना शुरू कर दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने कहा कि उनका राजनीतिक प्रभाव है और वह उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता।मामले को लेकर जितेन्द्र दशहरे पहले बहेला थाना भी पहुंचा था, लेकिन वहां कथित रूप से कोई कार्रवाई नहीं हुई। थाना स्तर पर सुनवाई नहीं होने से परेशान युवक अब एसपी कार्यालय पहुंचा और न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उसे उसके सोने के गहने दिलाए जाएं, ताकि परिवार के विवाह समारोह में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

## नवविवाहिता ने लगाई फांसी, हत्या या आत्महत्या? जांच में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी थाना क्षेत्र के चंदोरी गांव में 35 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतका अनेश्वरी पति राकेश सोनवाने का शव घर में फांसी के फंदे पर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शुक्रवार 8 मई की सुबह सूचना मिलने पर वारासिवनी पुलिस, तहसीलदार और एसडीओपी अभिषेक चौधरी मौके पर पहुंचे।प्राथमिक पूछताछ में पति राकेश सोनवाने ने बताया कि देर रात उसकी पत्नी ने फांसी लगा ली थी, जिसके बाद उसने शव को फंदे से उतारकर नीचे लिटा दिया। वहीं मृतका के चाचा पूरनलाल कोहरे ने पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि अनेश्वरी का विवाह 12 दिसंबर 2020 को राकेश सोनवाने निवासी चंदोरी से हुआ था। शादी के बाद से ही उसे मारपीट कर प्रताड़ित किया जाता था और इसको लेकर गांव में कई बार बैठक भी हो चुकी थी।मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। फिलहाल पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटना की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पीएम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# खेत-गोदाम से धान-लाख चोरी का पर्दाफाश

### मास्टरमाइंड समेत 5 गिरफ्तार, 4.36 लाख की नकदी बरामद

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



**किसानों की मेहनत की फसल और व्यापारियों के गोदामों पर हाथ साफ करने वाले शातिर चोर गिरोह का कटंगी पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने खेत-खलिहान से धान-सरसों और गोदाम से लाख चुराने वाले 4 चोरों समेत चोरी का माल खरीदने वाले दुकानदार को गिरफ्तार किया है।**

आरोपियों के कब्जे से 4 लाख 36 हजार रुपये की नगदी, वनोपज लाख और कृषि उपज बरामद की गई है। इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड सिवनी जिले का जागेश्वर बघेल है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुशराम ने बताया कि मास्टरमाइंड जागेश्वर बघेल वारासिवनी के युवकों से चोरी करवाता था। ये लोग रात में किसानों के खेतों से सरसों, धान जैसी फसल और सुनसान इलाकों में बने गोदामों से अनाज-लाख चुराते थे। जागेश्वर चोरों से बेहद कम दाम में माल खरीदकर आगे बेच देता था। सूत्रों की माने तो ऐसा करते हुए जागेश्वर ने अकूट संपत्ति बनाई है।

**ऐसे खुला चोरी का राजः** मिली जानकारी अनुसार 17 अप्रैल की रात वारासिवनी थाना क्षेत्र के ग्राम कोसते में किसान सेवकराम चौहान के खेत से अज्ञात चोर 40-50 बोरा सरसों चुरा ले गए। किसान की शिकायत पर वारासिवनी पुलिस ने दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली और आरोपी जागेश्वर बघेल को अन्य साथियों के साथ सरसों बेचते रंगे हाथ पकड़ लिया गया। सभी को जेल भेज दिया गया। इसी बीच कटंगी के लाख व्यापारी जितेंद्र अग्रवाल ने 21 अप्रैल को थाने में शिकायत की कि नहलेसरा स्थित उनके गोदाम से करीब 10 क्विंटल लाख चोरी हो गई है। जितेंद्र ने खुद भी अपने स्तर पर लाख व्यापारियों से संपर्क किया। उन्हें टिप मिली कि सिवनी का जागेश्वर बघेल लंबे समय से चोरी का माल खरीदता है। जितेंद्र अग्रवाल की सूचना पर कटंगी थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुशराम ने तत्परता दिखाई। वारासिवनी पुलिस की मदद से पहले से जेल में बंद आरोपियों को रिमांड पर लिया गया। सख्ती से पूछताछ में आरोपियों ने जितेंद्र के गोदाम से लाख चोरी करना कबूल कर लिया।

**इनकी हुई गिरफ्तारीः** पुलिस ने बताया कि चोरों ने कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़मी, कटेरा से धान और नहलेसरा गोदाम से लाख की चोरी की थी। शहजाद उर्फ सज्जू पिता अब्बास कुरैशी वार्ड नंबर 13, वारासिवनी राहुल पिता विजय भूरे वार्ड क्रमांक 4 वारासिवनी, अभय उर्फ अजय पिता राजेंद्र सहारे वार्ड क्रमांक 4 वारासिवनी, बादल पिता फागुलाल मेश्राम वार्ड क्रमांक 4 वारासिवनी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया और जागेश्वर पिता डूलीचंद बघेल निवासी बागडोंगरी, थाना उगली, जिला सिवनी जो मास्टरमाइंड है उसे चोरी का माल बेचा करते थे। मुख्य मामले में अपराध क्रमांक 153/26 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4), 305(ए), 3(5) के तहत कार्रवाई की गई। जबकि अन्य दो अपराध में धारा 331(4), 305(ए), 303(2) के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपियों को माननीय व्यवहार न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## जेल की सलाखों से परीक्षा केंद्र तक पहुंच रहा छात्र




### पॉक्सो एक्ट के मामले में बंद बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी को न्यायालय से मिली परीक्षा देने की अनुमति

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** शिक्षा का अधिकार और कानून की प्रक्रिया के बीच संतुलन की मिसाल इन दिनों शासकीय महाविद्यालय लांजी में देखने को मिल रही है। ग्राम लफरा निवासी हेमंत बांहे, जो लक्ष्मीकांत कॉलेज लांजी में बीए प्रथम वर्ष का छात्र है, इन दिनों जिला जेल से परीक्षा देने पहुंच रहा है। छात्र वर्तमान में बालाघाट जिला जेल में विचाराधीन कैदी के रूप में निरुद्ध है और उस पर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। जानकारी के अनुसार हेमंत बांहे पिछले कुछ समय से जिला जेल में बंद है। मामले को लेकर छात्र पक्ष का कहना है कि उसे एक युवती द्वारा झूठे प्रकरण में फंसाया गया है, हालांकि पूरे मामले की सुनवाई न्यायालय में जारी है। छात्र की वार्षिक परीक्षा प्रभावित न हो, इसे ध्यान में रखते हुए न्यायालय द्वारा उसे परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्रदान की गई है।

जेल प्रशासन की निगरानी में छात्र को प्रतिदिन परीक्षा केंद्र तक लाया जा रहा है। जिला जेल प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्र को वापस जिला जेल ले जाया जाता है। जेलर रामलाल सहलाम ने बताया कि हेमंत बांहे बालाघाट जिला जेल में विचाराधीन कैदी है और उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय के आदेश के पालन में उसे परीक्षा दिलाई जा रही है। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर महाविद्यालय परिसर और क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। कई लोग इसे शिक्षा के अधिकार से जोड़कर देख रहे हैं, वहीं गंभीर आरोपों के कारण मामला संवेदनशील भी बना हुआ है। फिलहाल छात्र परीक्षा में शामिल हो रहा है और अब सभी की नजर न्यायालय के अंतिम निर्णय पर टिकी हुई है।

**खबर संक्षेप**

## नेशनल लोक अदालत आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शनिवार 09 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय सिवनी, तहसील न्यायालय लखनादौन एवं व्यवहार न्यायालय केवलारी, छपारा एवं घंसौर में किया जाएगा। आयोजित नेशनल लोक अदालत में लंबित समझौते योग्य आपराधिक प्रकरण, समस्त प्रकार के दीवानी प्रकरण, पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, विद्युत संबंधी मामले तथा बैंक ऋण वसूली एवं जलकर वसूली के पूर्ववाद प्रकरणों का आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा। आमजन एवं पक्षकारों से अपील की गई है कि वे नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाते हुए अपने प्रकरणों का निराकरण आपसी समझौते से कराएं, जिससे समय एवं धन दोनों की बचत हो सके।

## 78 उपार्जन केन्द्रों में जारी गेहूं खरीदी, 182 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य जिले के 78 उपार्जन केन्द्रों में सुचारू रूप से जारी है। प्रशासन की सतत मॉनिटरिंग एवं व्यवस्थाओं के चलते उपार्जन प्रक्रिया में लगातार प्रगति दर्ज की जा रही है।

जिले में इस वर्ष 54 हजार 96 किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन कराया है। किसानों की सुविधा के लिए 65 गोदाम स्तर एवं 13 समिति स्तर सहित कुल 78 उपार्जन केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं। अब तक 44 हजार 274 किसानों को स्लॉट जारी किए जा चुके हैं, जिनमें से 23 हजार 705 किसानों द्वारा गेहूं का विक्रय किया जा चुका है।

उपार्जन केन्द्रों में अब तक कुल 1 लाख 43 हजार 145 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई है। खरीदी गई उपज में से 1 लाख 33 हजार 812 मीट्रिक टन गेहूं रेडी टू ट्रांसपोर्ट किया जा चुका है तथा 1 लाख 18 हजार 956 मीट्रिक टन गेहूं का परिवहन भी पूर्ण हो गया है। वहीं 1 लाख 12 हजार 354 मीट्रिक टन गेहूं की स्वीकृति की कार्रवाई पूरी की जा चुकी है।

उपार्जित गेहूं की कुल राशि लगभग 370 करोड़ रुपये दर्ज की गई है। किसानों को भुगतान प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक 182 करोड़ 63 लाख रुपये का सफल भुगतान किया जा चुका है।

जिला प्रशासन द्वारा उपार्जन केन्द्रों में किसानों को समय पर तौल, परिवहन, भुगतान एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है, जिससे उपार्जन कार्य व्यवस्थित रूप से संचालित हो रहा है।

## अधिवक्ता नवीन नागभिरे बने प्रदेश सचिव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनुराग भार्गव जी द्वारा प्रस्तुत समाज कल्याण के प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदित किया जाता है। जिसमें सिवनी जिले के अधिवक्ता नवीन नागभिरे बने प्रदेश सचिव बनाया गया है। नवीन किस नियुक्ति पर कांग्रेस जनों ने उन्हें बधाई देते हुए प्रदेश व जिले के नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

## खेल परिसर कुरई में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि विभागीय खेल परिसर कुरई में वर्ष 2026-27 हेतु जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए चयन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार प्रवेश प्रक्रिया टेलेंट सर्च के माध्यम से संपन्न की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का चयन आयु वर्ग के अनुसार किया जाएगा। जिसमें मिनी बालक समूह में 11 से 14 वर्ष आयु के विद्यार्थी, जूनियर बालक समूह में 14 से 16 वर्ष आयु के विद्यार्थी तथा सीनियर समूह में 16 से 18 वर्ष आयु के विद्यार्थियों को शामिल किया ।

# जानलेवा साबित हो रहा सार्थक ऐप, जनपद बरघाट के पंचायत सचिवों जीआर एस ने खोला मोर्चा, किया खुला विरोध, सौंपा ज्ञापन

जमीनी स्तर पर 18-18 घंटे फील्ड में काम करने वाले कर्मचारियों ने कहा! नवाचार के नाम पर मानसिक व आर्थिक प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं तानाशाही रवैया से अब कर्मचारी भी भारी परेशान कौन लेगा सुध।





**राकेश अगरवार। हरिभूमि बरघाट** _ जब विभागीय अधिकारियों का तानाशाही रूप निचले स्तर के कर्मचारियों पर जबरन थोपा जाए तो कर्मचारी अपना दुखड़ा किसे सुनाएं अपनी पीड़ा किस तक पहुंचये जिससे उसे कोई उम्मीद की किरण नजर आ जाय जनपद पंचायत बरघाट के पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक संगठन ने 'सार्थक ऐप' के माध्यम से दैनिक उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है, संगठन ने 8 मई 2026 को जिला पंचायत सिवनी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा है कि मैदानी कर्मचारियों पर यह व्यवस्था थोपना अन्यायपूर्ण है और इसे तत्काल रोका जाए, ज्ञापन में पंचायत सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि वे ग्रामीण विकास विभाग के निचले स्तर के फील्ड कर्मचारी हैं, जो अल्प वेतन, बिना बीमा और बिना पेंशन के 18-18 घंटे कार्य करते हैं, इसके बावजूद पारदर्शिता के नाम पर उन पर "सार्थक ऐप" से उपस्थिति दर्ज करने का दबाव बनाया जा रहा है, जबकि विभागीय स्तर पर इस संबंध में कोई स्पष्ट आदेश जारी नहीं हुए हैं।

### क्या हैं कर्मचारियों की प्रमुख आपत्तियां?

1.बिना स्पष्ट आदेश ऐप थोपनाः ज्ञापन में कहा गया है कि ग्रामीण विकास विभाग से किसी प्रकार का लिखित आदेश या निर्देश नहीं है, फिर भी जनपद स्तर से नवाचार के नाम पर ऐप अनिवार्य किया जा रहा है, अन्य विभागों के कर्मचारियों को इससे मुक्त रखा गया है,2. मैदानी कार्य की बाध्यताः सचिव और रोजगार सहायक रोजाना गांवों में शिकायत निवारण, हितग्राही संपर्क, योजनाओं का निरीक्षण, मनरेगा कार्यस्थलों पर पर्यवेक्षण जैसे कार्य करते हैं, सुबह से देर शाम तक ग्रामीणों के बीच रहना पड़ता है, ऐसे में कार्यालय आधारित उपस्थिति व्यवस्था व्यवहारिक नहीं है, 3.बैठकों और दौरे की मजबूरीः सप्ताह में तीन-चार दिन जनपद पंचायत, जिला पंचायत और अन्य शासकीय कार्यालयों में बैठकों में भाग लेना पड़ता है, मूल्यांकन, सत्यापन, तकनीकी स्वीकृति और योजनाओं के दस्तावेजी कार्य हेतु पंचायत से बाहर जाना अनिवार्य होता है,4. नेटवर्क और बिजली की समस्याः अधिकांश पंचायतों में नेटवर्क उपलब्ध नहीं है और कई बार दिनभर बिजली बाधित रहती है, ऐसी स्थिति में ऐप आधारित उपस्थिति दर्ज करना व्यावहारिक रूप से असंभव है, 5.अतिरिक्त कार्यभार का दबावः मनरेगा मस्टर रोल जनरेट करना, फीडिंग करना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, संबल योजना, कर्मकार मंडल आदि योजनाओं के सत्यापन और अन्य विभागों के कार्य भी इन्हीं कर्मचारियों को सौंपे जाते हैं, शास कीय अवकाशों और त्योहारों पर भी ग्राम सभा, जयंतियां, लाइव प्रसारण और सरकारी कार्यक्रमों में उपस्थिति अनिवार्य रहती है।

### निरंतर दबाव बर्दाश्त से बाहर हम सरकार के सिपाही हैं, शोषण नहीं सहेंगे

ज्ञापन में कर्मचारियों ने भावुक शब्दों में लिखा है कि वे हर मौसम, हर परिस्थिति में ग्रामीणों तक जनहितैषी योजनाओं का लाभ पहुंचाते हैं, लेकिन नवाचार के नाम पर आर्थिक, मानसिक और शारीरिक शोषण स्वीकार नहीं किया जाएगा, उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जिन जिलों में ऐप लागू हुआ, वहां कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और हड़बड़ी में दुर्घटनाओं की घटनाएं भी सामने आईं।

### सचिव संगठन रोजगार संगठन की मांग पर क्या होगा अम्ल

ब्लाक बरघाट के समस्त पंचायत संगठनों ने जिला पंचायत सीईओ से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए ग्रामीण विकास विभाग के कर्म चारियों की दैनिक उपस्थिति को "सार्थक ऐप" से लेने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है, ज्ञापन की प्रतिलिपि जनपद पंचायत बरघाट को भी प्रेषित की गई है।

### जोर पकड़ता भारी विरोध अब प्रशासन का रुख क्या होगा?

बरघाट में कर्मचारियों के इस खुले विरोध के बाद जिला प्रशासन की प्रतिक्रिया पर सबकी निगाहें टिकी हैं, यदि मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में आंदोलन की रणनीति भी बन सकती है। क्या सार्थक ऐप से आ रही कर्मचारियों की बेरुखी पर क्या लगेगी लगाम या होगा कोई निदान यह समझ के परे है।

# नियम विरुद्ध संचालित यात्री बस परिवहन विभाग द्वारा जब्त









**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** परिवहन विभाग द्वारा जिले में अवैध एवं नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाते हुए बड़ी कार्यवाही की गई। यह अभियान कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार संचालित किया गया। जांच के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न मार्गों पर वाहनों की गहन जांच की। इसी क्रम में यात्री बस क्रमांक एमपी 50 पी 0868 को रोककर जांच की गई, जिसमें गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। वाहन बिना वैध परमिट, बिना बीमा तथा बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के संचालित पाया गया। साथ ही वाहन का पिछले दो वर्षों से कर जमा नहीं किया गया था, जिसके चलते उस पर लगभग 2 लाख 75 हजार रुपये का कर बकाया पाया गया। जांच में बस का प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र भी अमान्य पाया गया। गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए परिवहन विभाग ने तत्काल प्रभाव से बस को जब्त कर कार्यालय परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया, जहां आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के दौरान वाहन क्रमांक एमएच सी40 क्यू 1587 पर वैध बीमा एवं वैध पीयूसी नहीं पाए जाने पर 10 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। वहीं वाहन क्रमांक एमपी 22 जेटजे 3845 पर नियम विरुद्ध संचालन के कारण 3 हजार रुपये तथा वाहन क्रमांक एमपी 15 जी 4379 पर फिटनेस नहीं होने के कारण 2 हजार रुपये का शमन शुल्क लगाया गया। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में इस प्रकार के जांच अभियान लगातार जारी रहेंगे तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों एवं मालिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने वाहन मालिकों एवं चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, कर एवं पीयूसी सहित सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

### उपार्जन केंद्रों की अनियमितताओं पर कार्रवाई

# किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए समितियों और वेयर हाउस संचालकों को नोटिस जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

सिवनी जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य के दौरान किसानों को बेहतर एवं पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना लगातार उपार्जन केंद्रों की मॉनिटरिंग कर रही हैं। उनके निर्देश पर अधिकारियों द्वारा विभिन्न उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें कई स्थानों पर अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित समितियों एवं वेयरहाउस संचालकों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसानों को उपार्जन केंद्रों में किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा तौल, भंडारण एवं परिवहन संबंधी व्यवस्थाएं पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ संचालित हों। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं में कमी पाए जाने पर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कहानी, सेवा सहकारी समिति मर्यादित बरघाट, सहकारी प्रक्रिया एवं विपणन संस्था मर्यादित बरघाट, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित बीजादेवरी, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित चमारी, सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिलादेही, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति चक्की खमरिया एवं सेवा सहकारी समिति चावड़ी के प्रबंधकों एवं उपार्जन केंद्र प्रभारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अरिहंत वेयरहाउस बघराज, राधे वेयरहाउस गोरखपुर, आर.आर. एग्रो वेयरहाउस मटामा, महेंद्र वेयरहाउस तथा भदौरिया वेयरहाउस मोहगांव के संचालकों से भी जवाब तलब किया गया है।कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने कहा है कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं और उपार्जन कार्य में लापरवाही या अनियमितता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित पक्षों से जवाब प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। खरीदी अवधि तक उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण लगातार जारी रहेगा।

# नपा अध्यक्ष सनोडिया द्वारा विगत एक वर्ष में किये गये कार्य

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**



8 मई 2025 को ज्ञानचंद सनोडिया नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष बने । ज्ञानचंद सनोडिया को अध्यक्ष बने एक वर्ष पूर्ण हुए जिसमें उन्होंने सबका साथ सबका विकास के उद्देश्य को अपनाते हुए अपने कार्यकाल के सिर्फ एक वर्ष में नगरीय निकाय के वाहनों में जो डीजल लगता था उसमें करीब 45.50 लाख की बचत किया जो अपने आपमें एक रिकॉर्ड है। इन एक वर्षों में ज्ञानचंद सनोडिया के नेतृत्व में कम्पनी गार्डन लागत राशि 226.00 लाख ऑडिटोरियम 500 मीटर लागत 1200.00 लाख कार्यालय भवन निर्माण 10.84 लाख की सैद्धांतिक स्वीकृति शासन से प्राप्त की गई जिसकी डी.पी.आर. तैयार कराई गई जिसका जल्द ही टेण्डर जारी किए जा रहे है।

इन एक वर्षों में शहर के पार्कों के सौन्दर्गीकरण हेतु प्रस्ताव तैयार कर लाखो की डी.पी.आर. तैयार कराई गई जिससे शहर का सौंदर्यीकरण और अधिक किया जा सके। इसके अलावा अमृत 2.0 अन्तर्गत वाटर सप्लाई का कार्य लागत 61000 लाख (61 करोड) प्रारम्भ कराया गया जो कि प्रगतिरत है। ज्ञानचंद सनोडिया ने पूरी परिषद के साथ मिलकर शहर के सभी वार्डों में करोड़ों की लागत से विभिन्न निर्माण कराए गए और कुछ प्रगतिरत है। सीवर लाइन को लेकर भी सिवनी नगर पालिका परिषद ने कार्य प्रारंभ किया है। शहर के सीवर लाइन का कार्य लागत 125000 लाख (125 करोड़) जो शासन स्तर पर लंबित है को जिसकी शहर मे जल्द ही प्रारम्भ हो जाएगा। इन एक वर्षों में फायर स्टेशन का 185 लाख का कार्य प्रारम्भ किया गया है। ज्ञानचंद सनोडिया के अध्यक्ष बनने के बाद सभी गाड़ियों की मॉनिटरिंग जी.पी.एस. के माध्यम से प्रारम्भ की गई है। इन एक वर्षों में पिछले वर्षों की तुलना में निकाय में राजस्व वृद्धि हुई है जिससे अधिक विकास कार्य हो सकेंगें।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस में आज मानव सेवा से जुडने की शपथ लेवे-एस.एस.कुमरे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष सिवनी के मार्गदर्शन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला सिवनी द्वारा, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी म.प्र.राज्य शाखा भोपाल से प्राप्त पत्रानुसार जिले में रेडक्रॉस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है इसी भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं जिला शिक्षा अधिकारी के संयुक्त तत्वावधान में 08 मई 2026 को. स्थानीय नेताजी सुभाष हायर सेकेंड्री स्कूल में विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन किया गया।



आयोजन का शुभारंभ एस.एस.कुमरे जिला शिक्षा अधिकारी, आरपी पाटिल स.संचालक, अरुण राय सचिव रेडक्रास, श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे प्राचार्य द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर सर हेनरी डूनाट के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात प्रदीप हनवत जिला समन्वयक जूनियर रेडक्रास द्वारा रेडक्रॉस गीत प्रस्तुत किया गया। संचालन कर रहे अनंत मिश्रा सर द्वारा रेडक्रॉस की गतिविधियों एवं पचमडी मे आयोजित शिविर को प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में उपस्थित तरुण कुमार एक्स आर्मी मेन, गणेश मनसारे पीजी कालेज, रामदीन भलावी कन्या कालेज, श्रीमती सविता गौतम राष्ट्र सेविका समिति,द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गये।

अरुण राय ने उद्बबोधन में कहा कि किस तरह एक व्यापारी व सामाजिक कार्यकर्ता ने 1859 में एक इटली की यात्रा के दौरान19 वीं सेंचुरी का भीषण युद्ध को देखा जिसमे सिर्फ 15 घण्टे के युद्ध में घायल हुए 40000 लोगों के इलाज, सेवा करते रहे और वापिस जेनेवा आकर अपनी किताब ए मेमोरी आफ सेल्फीरेनो में युद्ध की विभीषिका का वर्णन लिखा जिस पर जेनेवा में 1863 में प्रस्ताव पास हुआ और भारतीय संसद में 1920 को आईआरसीएस एक्ट तब से भारतीय रेडक्रॉस प्रारंभ हुआ। एस एस कुमरे जिलाशिक्षा अधिकारी सिवनी ने अपने उदबोधन में सभी कालेज स्कूल के शिक्षक, विद्यार्थी रेडक्रॉस से जुडकर मानव सेवा के कार्य में अधिक से अधिक योगदान देवें श्री कुमरे ने आगे कहा कि राज्य ईकाई के निर्देश अनुसार जिला रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वय से आगामी दिनों में केलेंडर अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे।

# जिले का प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता अन्नदाता किसान भाईयों के पक्ष में खड़ा है और आगे भी खड़ा रहेगा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी की मंशानुरूप जिले के अन्नदाता किसानों की अनेक ज्वलंत समस्याएँ जिसमें प्रमुख रूप से गेहूँ उपार्जन में देरी, समय पर स्लॉट बुकिंग पोर्टल की गड़बड़ी, सर्वर समस्या, बारदाना की कमी एवं खरीदी केन्द्रो में की जा रही अवैध वसूली एवं अनेक अनियमितताओं सहित वर्तमान में अनेक तरह समस्याओं से किसान परेशान और बेबस है, किसानों की समस्या से प्रदेश की मोहन यादव सरकार को कोई सरोकार नही है चाहे किसान लूटे या परेशान रहें भाजपा सरकार को तो सिर्फ सत्ता में बने रहने अनेक तरह के षडयंत्रो से सिर्फ और सिर्फ सत्ता हथियाना ही मकसद बन चुका है। जिले के अन्नदाता किसानों की इन सभी नीतिगत समस्याओं के शीघ्र निराकरण किये जाने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के आव्हान पर जिले के अन्नदाता किसानों को उनका वाजिब हक दिलाने नेशनल हाईवे 44 के ग्राम भोंगाखेड़ा में एक दिवसीय किसान आंदोलन एवं चक्का जाम कर प्रदेश की दोहरी नीति की पोषक, आमजन को गुमराह करने वाली गहरी चिरनिद्रा में लीन मोहन यादव सरकार को जन आंदोलन के माध्यम से जगाने का प्रयास किया गया। आंदोलन को सम्बोधित करते हुये जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के कहा कि तत्कालीन पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान जो आज केन्द्र में कृषि मंत्री बने बैठे है उन्होंने विधानसभा चुनाव पूर्व प्रदेश के अन्नदाता किसानों को गुमराह कर अनेक तरह का लोभ लालच देकर सत्ता तो प्राप्त कर ली किन्तु आज भी हमारे सिवनी जिला सहित पूरे प्रदेश का किसान परेशान है प्रदेश की सत्ता भाजपा की मोहन यादव सरकार ने चुनाव घोषणा संकल्प में किये गये वादो को भूल चुकी है उन्हें किसानों की समस्याओं से कोई लेना देना नही है, भाजपा नेताओं को यह विश्वास हो चुका है कि प्रदेश के किसानों को आसानी से लोभ लालच के सहारे अपने कब्जे में किया जा सकता है उसी का परिणाम है कि आज जिले सहित पूरे प्रदेश का किसान अपनी आय से कई गुना नुकसानी झेल रहा है।

किसान आंदोलन को सम्बोधित करते हुये केवलारी विधायक ठा. रजनीश हरवंशसिंह ने कहा कि प्रदेश की मोहन यादव सरकार के फतानाशाही रवैया के चलते जिले में गेहूँ उपार्जन का कार्य प्रारंभ किया गया लेकिन उपार्जन केन्द्रो पर न तो पर्याप्त बारदाना है और ना ही विक्रय केन्द्रो में किसानों की फसल को सुरक्षित रखने की व्यवस्था, मोहन यादव सरकार के मंत्री, विधायक और भाजपा नेताओं के इशारे पर बिचैलियों को लाभ पंहुचाने की दृष्टि से किसानो के गेहूँ में चमक न होने का बहाना बताकर खरीदी से इंकार किया जा रहा है जिस कारण जिले का किसान आज परेशान होकर दर दर की ठोकरे खा रहा है हम जानते है अन्नदाता का दर्द की वह किस तरह रात-दिन एक करके बडी मेहनत से फसल पैदा करता है और भाजपा सरकार उन मेहनत कश किसानों को हर समय गुमराह और परेशान करती है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजा बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के आव्हान पर जिले के किसान भाईयों की ज्वलंत समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी हमेशा ही प्रदेश की सत्तारूढ़ मोहन यादव सरकार की किसान विरोधी नीति और झूठे वादे के खिलाफ रहेंगी। जिले का प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता अन्नदाता किसान भाईयों के पक्ष में खड़ा है और आगे भी खड़ा रहेंगा।

### सुबह से पत्रकारों के बच्चों ने किया वाटर पार्क में इंजॉय

# प्रेस क्लब ऑफ सिवनी द्वारा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रेस क्लब ऑफ सिवनी (प्रेस एसोसिएशन सिवनी) द्वारा पत्रकार साथियों के मेधावी बच्चों के सम्मान में स्थानीय द ग्रैंड रजवाड़ा होटल में भव्य सम्मान समारोह एवं मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शील्ड, स्कूल बैग एवं पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में शहर के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ पत्रकारों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामयी बना दिया।

सिवनी में आयोजित इस सम्मान समारोह की शुरुआत सुबह 09 बजे से हुई, जहां पत्रकार साथियों के बच्चों ने वाटर पार्क में स्विमिंग एवं मनोरंजन गतिविधियों का आनंद लिया। इसके बाद मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान बरगी डैम में हुई हृदय विदारक घटना में मृत लोगों एवं प्रेस क्लब ऑफ सिवनी के सदस्य पत्रकार स्वर्गीय राकेश दुबे की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इसके उपरांत उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान पत्रकार साथियों द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दिनेश राय मुनमुन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत एवं अनुशासन के साथ आगे बढना चाहिए। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ज्ञानचंद सनोडिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री हर्ष मर्सकोले उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने प्रेस क्लब द्वारा किए जा रहे इस सामाजिक एवं प्रेरणादायी प्रयास की सराहना करते हुए



कहा कि पत्रकारिता समाज का आईना है और पत्रकारों के परिवारों के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

समारोह में वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह, सोनू गुप्ता, मनोज मर्दन त्रिवेदी, सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा तथा वरिष्ठ व्यवसायी एवं समाजसेवी मनीष अग्रवाल पांड्या विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को आगे बढने, लक्ष्य निर्धारित करने एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

प्रेस क्लब ऑफ सिवनी द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह को सफल बनाने में अध्यक्ष अयोध्या विश्वकर्मा, सचिव राजेन्द्र पिंटू तरवरे, उपाध्यक्ष अब्दुल काबिज खान, उपाध्यक्ष विनोद दुबे, कोषाध्यक्ष संजीव क्रीडिया, सहसचिव अभिनव जैन एवं लेखाधिकारी शुभम सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



कार्यक्रम का प्रभावी संचालन श्रमजीवी पत्रकार परिषद सिवनी के अध्यक्ष शरद दुबे एवं प्रेस क्लब ऑफ सिवनी के उपाध्यक्ष अब्दुल काबिज खान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पत्रकार साथियों के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया, जिनमें अलवीरा खान, शिवम चौरसिया, आस्था क्रीडिया, मोंटी नागफासे, आंचल मिश्रा, सत्यम ठाकुर, आलिया कौशर, आर्यव बौद्ध, रुची पाठक एवं वीर सिंह शामिल रहे। सभी विद्यार्थियों को शील्ड, स्कूल बैग एवं पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

समारोह के अंत में प्रेस क्लब ऑफ सिवनी की पूरी टीम द्वारा उपस्थित अतिथियों, पत्रकार साथियों एवं बच्चों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम पूरे समय उत्साह, प्रेरणा एवं पारिवारिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ।

## भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सैनिक सम्मेलन 11 मई को

सिवनी,/ जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि भूतपूर्व सैनिकों, एवं उनके आश्रितों के लिए "मासिक सैनिक सम्मेलन" का आयोजन दिनांक 11 मई को प्रातः 11:30 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, ज्यारत नाका अकबर वार्ड, सिवनी में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं आश्रितों को सूचित किया जाता है कि वे इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। आयोजित सम्मेलन में उपस्थित हितग्राहियों को अपनी समस्याओं के समाधान एवं निराकरण हेतु जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास से सीधे संवाद का अवसर प्राप्त होगा। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए सम्मेलन में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें।

### धूप और गर्मी से बचें: डॉ. निलय जैन

## 37 डिग्री पहुंचा तापमान, लू का प्रकोप बढ़ा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले में शुक्रवार को तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने के साथ ही तेज गर्मी और लू का प्रकोप बढ़ गया है। चिलचिलाती धूप और मौसम में आए इस बदलाव के कारण जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

जिले में दिन और रात के तापमान में लगातार हो रही वृद्धि ने सामान्य जनजीवन को प्रभावित किया है। मई की भीषण गर्मी के चलते लोग दोपहर के समय घरों में रहने को मजबूर हैं, जिससे व्यस्त सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने बताया कि जलवायु परिवर्तन का सीधा असर शरीर के मेटाबॉलिज्म पर पड़ रहा है। वर्तमान मौसम में तापमान बढ़ने से वायरस और बैक्टीरिया अधिक सक्रिय हो गए हैं, जो बीमारियों का मुख्य कारण बन रहे हैं।

अस्पताल पहुंचने वाले अधिकांश मरीज सर्दी-खांसी, उल्टी-दस्त, वायरल फीवर और डायरिया से पीड़ित पाए जा रहे हैं। डॉ. जैन ने बताया कि कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग मौसम के इस उतार-चढ़ाव की चपेट में जल्दी आ रहे हैं।

बढ़ती बीमारियों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों को धूप और लू से बचने के निर्देश दिए हैं। डॉक्टरों ने पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन करने और स्वास्थ्य बिगड़ने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल में संपर्क करने की सलाह दी है।

## केवाईसी कराने निकली महिला लापता

### पति ने की शिकायत, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट नगर के गंगानगर क्षेत्र से एक महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। महिला का नाम बरखा बताया गया है, जो 5 अप्रैल से लापता हैं। उनके पति विजय मलघाटी ने पत्नी की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक से मदद की मांग की है।

विजय मलघाटी के अनुसार, उन्होंने 5 अप्रैल को अपनी पत्नी बरखा को यूनियन बैंक में खाते की केवाईसी कराने के लिए छोड़ा था। वहां काम नहीं होने पर बरखा ने साईं कैफे जाने की बात कही। बताया गया कि साईं कैफे में भी काम नहीं होने के बाद वह पोस्ट ऑफिस जाने के लिए निकलीं, लेकिन इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया।

शुक्रवार को विजय मलघाटी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और पत्नी की तलाश की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि कोतवाली पुलिस को शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

विजय ने कहा कि उनके 12 और 7 साल के छोटे बच्चे हैं, जो अपनी मां के बिना परेशान हैं। उन्होंने पुलिस से जल्द पत्नी को ढूंढकर वापस लाने की अपील की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने लापता महिला बरखा की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

### 1928 किसानों से 49 हजार 567 क्विंटल गेहूँ की हुई खरीदी

**बालाघाट**। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जिले में कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा रहा हैं। चालू सीजन में जिले के 1928 किसानों से 49 हजार 567 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 04 करोड़ 40 लाख रुपये से अधिक की राशि का भुगतान कर दिया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि बालाघाट जिले में किसानो से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी के लिए 13 केंद्र बनाये गए है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए जिले के 4388 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। इनमें से 2908 किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए अपना स्लाट बुक करा चुके है। जिले के सभी 13 केंद्रो पर 15 अप्रैल 2026 से गेहूं की खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 08 मई तक जिले के 1928 किसानों से 13 करोड 01 लाख 13 हजार 375 रुपए के 49 हजार 567 क्विंटल गेहूँ की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। किसानों को अब तक 04 करोड 40 लाख रुपए से अधिक की राशि का भुगतान कर दिया गया है और यह राशि किसानों के बैंक खाते में पहुंच चुकी है। इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य बोनस सहित 2625 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। सभी खरीदी केन्द्रों पर किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए छाया, पानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थायें की गई है।

## कलेक्टर ने की स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास संबंधी कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना 08 मई को स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर स्वास्थ्य तथा बच्चों व महिलाओं से जुडी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने दोनो विभागों के अधिकारियों को विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ भी उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। गर्भवती माताओं के एएनसी पंजीयन की समीक्षा के दौरान पाया गया कि विकासखंड बैहर की प्रगति संतोषजनक नही है। बीएमओ लामता एवं लालबर्रा के अंतर्गत एनीमिया से ग्रसित गर्भवती माताओं का चिन्हांकन लक्ष्य के अनुरूप नही हो रहा है। कलेक्टर श्री मीना ने सभी गर्भवती माताओं का अनमोल पोर्टल पर पंजीयन करने एवं उनकी नियमित एएनसी जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोई भी गर्भवती माता अनमोल पोर्टल पर पंजीयन से नही छुटना चाहिए। कुल पंजीकृत गर्भवती माताओं में 25 प्रतिशत एनीमिक पायी जाती है, ऐसी गर्भवती माताओं के सुरक्षित प्रसव का उचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। टीकाकरण कार्य की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने सभी गर्भवती माताओं एवं बच्चों का नियमित रूप से शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने टीकाकरण के लिए ब्लॉक स्तर पर टास्क फोर्स समिति की नियमित रूप से बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। जिला चिकित्सालय की नवजात शिशुओं के उपचार की एसएनसीयू के कार्यों की समीक्षा के दौरान इस ईकाई की व्यवस्थाओं को और बेहतर व उत्कृष्ट बनाने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि इस ईकाई में भर्ती होने वाले शिशुओ का उपचार शत प्रतिशत सफल होना चाहिए और यहॉ से शिशुओ को अन्य स्थान पर रेफर करने की आवश्यकता नही होना चाहिए।

### अनुसूचित जनजातियों के हितों की योजनाओं की हुई समीक्षा

**बालाघाट**। मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगत सिंह नेताम ने शुक्रवार 08 मई को बैहर परियोजना कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक सह कार्यशाला में जिले में अनुसूचित जनजातियों के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में बैहर एसडीएम अर्पित गुप्ता, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में श्री नेताम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कान्हा बफर क्षेत्र में आदिवासियों की कितनी भूमि सामान्य वर्ग के लोगों को ट्रांसफर हुई है, इसकी गंभीरता से जांच की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि एचसीएल से प्रभावित आदिवासियों को आदर्श पुनर्वास योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने वन विभाग को निर्देश दिए कि सामुदायिक वन संसाधन (CFR) से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाई जाए तथा वन क्षेत्रों में अनावश्यक सड़कों के निर्माण से बचा जाए। इसके साथ ही पेसा एक्ट के तहत नियुक्त मोबिलाइजरों की गतिविधियों में गति लाने के निर्देश भी दिए गए।

### अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। जिले में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 7 मई 2026 को खनिज अमले द्वारा तहसील बालाघाट क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन में संलिप्त एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया गया। कार्रवाई के दौरान प्रकाश लिल्हारे पिता राधेश्याम लिल्हारे, निवासी गायखुरी द्वारा रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर पॉलिटेक्निक तिराहा के पास से ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया गया। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि जप्त वाहन के विरुद्ध मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



प्रवेश प्रारंभ
Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass
Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माईनिंग इलेक्ट्रिकल
सिविल मेकेनिकल
JOB SAHI
सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)
9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com



नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : 66/1, औद्योगिक क्षेत्र, रिछाई जिला जबलपुर
मो. 9479623424, 9340637789